हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि **24** सितम्बर **2025,** समय **1305 (05** मिनट)

सेवा और सुशासन, यानी जनसेवा के लिए शासन के मंत्री पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है।
आज, इस विशेष श्रृंखला - 'सेवा पर्व' में, हम आपको बताएंगे कि कैसे मोदी सरकार ने किफायती आवास और शहरी संपर्क को मजबूत किया है और देश भर के शहरों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया है।

*भारत में मेट्रो अ□ सिर्फ़ परिवहन का एक साधन नहीं रह गई है। यह महत्वाकांक्षा, नवाचार और टिकाऊ शहरी जीवन के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर भारत की विकास गाथा के केंद्र में एक जीवनरेखा □न गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत अ□ दुनिया का तीसरा स□से □ड़ा मेट्रो नेटवर्क होने का गौरव प्राप्त कर रहा है, जो शहरी परिवहन विस्तार में इसकी तेज़ प्रगति को दर्शाता है। इस महीने कोलकाता में मेट्रो रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने □ताया कि **2014** से पहले, देश में केवल **250** किलोमीटर मेट्रो रूट थे, ज□कि आज, भारत में मेट्रो नेटवर्क **1,000** किलोमीटर से ज़्यादा तक □ल गया है।*
*शहरी क्षेत्रों में, सरकार गुणवत्तापूर्ण आवास की पहुँच के साथ प्रत्येक नागरिक के लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित कर रही है। पिछले **11** वर्षों में, सरकार ने शहरी क्षेत्रों में कि□ायती आवास उपलब्ध कराए हैं। इसने एक करोड़ **16** लाख से अधिक घरों को मंजूरी दी है और **93** लाख से अधिक पूरे हो चुके हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत घर मिलने पर खुशी व्यक्त की।*
यात्रियों को मेट्रो सुविधाएँ प्रदान करने से लेकर लोगों को घर आवंटित करने तक, सरकार शहरी क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार कर रही है और जीवन की सुगमता के दृष्टिकोण को साकार कर रही है ।अश्विनी कुमार शर्मा, आकाशवाणी समाचार, चंडीगढ़

****

रक्षा सम्पदा के महानिदेशक शैलेंद्र नाथ गुप्ता एवं प्रधान निदेशक शोभा गुप्ता ने पंचकूला के चंडीमंदिर में चंडीगढ़ वृत्त के प्रधान निदेशालय रक्षा सम्पदा, पश्चिमी कमान एवं रक्षा सम्पदा कार्यालय एवं आवासीय परिसर के कार्यालय के निर्माण की आधारशिला रखी। प्रधान निदेशक शोभा गुप्ता ने मीडिया को बताया -

शिलान्यास समारोह के पश्चात केंद्रीय लोक निमान विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इस परियोजना की विस्तृत प्रस्तुति दी गई। इस
परियोजना पर लगभग 50 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत आएगी।
****

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि दो वंदे भारत स्लीपर रेलगाडियां जल्द ही शुरू की जाएंगी। उन्होंने नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि पहली रेलगाड़ी ने सभी परीक्षण और ट्रायल रन पास कर लिए है। श्री वैष्णव ने बताया कि दूसरी रेलगाड़ी के अगले महीने के मध्य तक परीक्षण पूरे कर लेने की संभावना है। इस अवसर पर रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू भी उपस्थित थे।

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में 16 कोच होंगे। इस रेलगाड़ी में एक हजार एक सौ 28 यात्री, यात्रा कर सकेंगे और इसकी अधिकतम गति 180 किलोमीटर प्रति घंटे की होगी।

रेल मंत्री ने आगामी त्योहारों के दौरान पहली अक्टूबर से 15 नवंबर तक बारह हज़ार विशेष ट्रेनें चलाने की भी घोषणा की।
इस साल 12000 स्पेशल ट्रेन का टारगेट लिया तो मैं बहुत सेटिस्फेक्शन के साथ कहना चाहूंगा 12000 में से 10000 ट्रेंस इवन बिफोर पीक रश अक्टूबर कम्स उससे पहले नोटिफाई हो जाना यह रेलवे के इतिहास में कभी नहीं हुआ। करीब 150 ट्रेंस होंगी जो की टोटली अनरिजर्व्ड होंगी, जो की लास्ट मिनट पर मूवमेंट के लिए चलेगी और 50 और गाड़ियां नोटिफाई हो जाएगी आने वाले दो-तीन दिन के अंदर-अंदर। फस्ट अक्तूबर से स्पेशल ट्रेन्स का मूवमेंट चालू होता है, जो की चलेगा करीब-करीब 15th नवंबर तक।
****